07/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और मौका दिया है और यह 18वीं लोकसभा नई और युवा ऊर्जा का सदन है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिर सरकार भारत और इसकी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ युवाओं के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। राष्ट्रपति ने एन डी ए को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी रविवार को शाम छह बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

इससे पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए संसदीय दल की नई दिल्ली के पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आज बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने आज एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया।

राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी घटक दलों ने समर्थन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अनुराग सिंह ठाकुर, एलजेपी-आर प्रमुख चिराग पासवान, एनसीपी नेता अजीत पवार, आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी, जन सेना प्रमुख पवन कल्याण, अपना दल -एस की नेता अनुप्रिया पटेल, जनता दल-एस नेता एचडी कुमारस्वामी सहित अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह भी बैठक में शामिल थे।

0000000000000000000

एन. डी. ए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को बाईस राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है।

एनडीए के सभी नेतृत्व स्तंभों के बीच एक सामान्य बात है, वह है सुशासन।

0000000000000000000

अरुणाचल ईस्ट लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य तापिर गाव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू के नेटृत्व में भाजपा ने राज्य की दोनों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है। नई दिल्ली मे संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने  उम्मीद जताई कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एन.डी.ए गवर्नमेंट विकसित इंडिया के लक्ष्य को हासिल करेगी। 0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस समिति ने राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के अधिकारिक उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान के लिए लोगों के प्रति आभार जताया है। चुनाव में कांग्रेस के दोनों लोकसभा उम्मीदवारों को भाजपा उम्मीदवार से हार का सामना करना पड़ा और विधानसभा चुनाव में भी केवल एक उम्मीदवार को जीत मिली। ए पी सी सी ने कहा है कि पैन अरुणाचल के वीजन के साथ पार्टी राज्य के लोगों के हित में कार्य करती रहेगी।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश मत्स्य पालन विभाग और सुबनसिरी लोअर हाईड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट एन एच पी सी ने दो हजार मेगावाट क्षमता की सुबनसिरी लोअर प्रोजेक्ट एरिया में फिसरिज मैनेजमेंट को लागू करने के संबंद्ध में एक समझौता किया है।

गुरुवार को हुए समझौते में गोल्डेन मसिर स्नो ट्राउट, इंडियन मेजर एण्ड माइनर कार्प्स प्रजाति की मछली के सीड के लिए हेचेरिज डवलपमेंट प्लान शामिल है।

0000000000000000000

मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने अरुणाचल प्रदेश में न्यू क्रिमिनल लॉ को लागू करने के विषय में स्टेट लेवेल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन और गृह सचिव कालिंग तायेंग मौजूद थे। स्टेट लेवेल मॉनिटरिंग कमेटी की तीसरी बैठक में पिछली बार की बैठक में लिए गए निर्णयों पर कारवाई की समीक्षा की गई। स्टेट फॉरेंसिक साईंस लेबोरेट्री, मोबाईल फॉरेसिक वैन, क्रिएशन ऑफ मैन पॉवर, सी.सी.टी.एन.एस, आई.सी.जे.एस 2.0, ऑफिसर्स ट्रेनिंग सहित कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अपने एक ट्वीट में बताया है अरुणाचल पुलिस और लॉ डिपार्टमेंट राज्य में आगामी एक जुलाई दो हजार चौबीस तक न्यू क्रिमिनल लॉज को लागू करने के लिए निष्ठा के साथ काम कर रही है।

0000000000000000000

नामसाई जिले के जयपुर में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस-सी. आर. पी.एफ की एक सौ छियासिवीं बटालियन के मुख्यालय में आज फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज डिपार्टमेंट द्वारा आग दुर्घटना से बचाव विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर लोगों को किचन में खाना पकाते समय जरुरी सावधानी बरतने, घरों की वायरिंग ट्रेंड इलेक्ट्रिसियन से कराने सहित विभिन्न स्थानों पर आग दुर्घटना से बचाव के टिप्स दिए गये। एक अन्य कार्यक्रम में लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए दैनिक खानपान में मोटे अनाज का अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सी. आर. पी.एफ की एक सौ छियासिवीं बटालियन के कमांडेंट डी.के.सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के उपायुक्त हागे लाईलांग ने जिला अस्पताल यिंग्कियोंग के सीनियर साईकिएट्रिस्ट डॉक्टर कारो तेंग, सी.डी. पी.ओ ओजिंग तालोम और मदर्स विजन आलो की मेंटर केनेडी बागरा के साथ डिस्ट्रिक्ट ड्रग्स डि-एडिक्शन सेंटर यिंग्कियोंग का जायजा लिया। इस अवसर पर केनेडी बागरा ने डिस्ट्रिक्ट ड्रग्स डि-एडिक्शन सेंटर के कर्मियों को इनमेट्स की मॉनिटरिंग, सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सेंटर में रह रहे इनमेट्स की काउंसेलिंग भी की गई।

0000000000000000000